## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 06.09.2024, PAGE : 02

# महिला शिक्षकों के लिए तीज पर औपबंधिक अवकाश की घोषणा

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के विभाग और कॉलेजों में शुक्रवार को तीज के लिए महिला शिक्षकों को अवकाश दिया गया है। सीनेट हाल में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता रानी ने तीज पर महिला शिक्षकों को अवकाश देने की मांग रखी। इसपर कुलपति प्रो. डीसी राय ने इस पर्व को देखते हुए महिला शिक्षकों के लिए औपबंधिक अवकाश की घोषणा की। इसपर महिला शिक्षकों ने खुशी जाहिर की।

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:06.09.2024, PAGE-02

**स्नातक थर्ड सेमेस्टर** • स्टूडेंट्स एमडीसी यानी मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्स का सेलेक्शन करेंगे

# ह्यूमिनिटीज के लिए 21, जबकि सोशल साइंस के लिए 25 सब्जेक्ट का ऑप्शन

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर



बीआरएबीयू ने स्नातक थर्ड सेमेस्टर का सिलेबस जारी कर दिया है। सत्र 2023-27 के स्टूडेंट्स इसी के आधार पर एमडीसी यानी मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्स का सेलेक्शन करेंगे। सिलेबस में मेजर कोर्स, माइनर कोर्स, मल्टी डिसीप्लीनरी कोर्स, एबिलिटी इनहांसमेंट कोर्स और स्किल इनहांसमेंट कोर्स के लिए विषयों की सूची भी उपलब्ध करा दी गई है। थर्ड सेमेस्टर में सोशल साइंस, साइंस, ह्यूमिनिटीज और कॉमर्स फैकल्टी के सभी स्टूडेंट्स को एबिलिटी इनहांसमेंट में एक समान डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट कोर्स की पढ़ाई करनी होगी। वहीं, मेजर और माइनर कोर्स में फर्स्ट और सेकेंड सेमेस्टर में चुने हुए विषय लेने होंगे। थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा नवंबर में प्रस्तावित है। ऐसे में स्टूडेंट्स को 2 महीने में ही सिलेबस पूरा करना होगा। मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्स में ह्यूमिनिटीज के स्टूडेंट्स एटमॉसफेरिक एंड स्पेश साइंस, स्पोर्ट्स साइंस, हिस्ट्री एंड फिलॉसफी ऑफ साइंस, केमिस्ट्री इन एवरीडे लाइफ समेत 21 विषयों की पढ़ाई कर सकते हैं। इसके अलावा स्किल इनहांसमेंट कोर्स में रंगमंच, रचनात्मक लेखन, कम्युनिकेशन इन प्रोफेशनल लाइफ, स्टेटिकल सॉफ्टवेयर पैकेज, विजुअल कम्युनिकेशन एंड फोटोग्राफी और पर्सनल फाइनेंसियल प्लानिंग जैसे विषय भी जोड़े गए हैं। वहीं सोशल साइंस संकाय में मल्टी डिसीप्लीनरी कोर्स में 25 विषयों का विकल्प दिया गया है। इसमें ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वेंटिंस ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक एप्लाएंसेस, हर्टिकल्चर प्रैक्टिसेस जैसे विषय शामिल है। वहीं स्किल इनहांसमेंट में कुल 6 विषयों का विकल्प मिलेगा। साइंस स्ट्रीम के स्टूडेंट्स को मल्टी डिसीप्लीनरी कोर्स में 25 विषयों का विकल्प दिया गया है। इसमें एकाउंटिंग, फीके एंड कैनिज्म, पर्सियन, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट और स्किल इनहांसमेंट कोर्स में ग्रैफिक डिजाइन एंड एनीमेशन, विजुअल कम्युनिकेशन एंड फोटोग्राफी और प्रोसपैक्टिंग ई-वेस्ट फॉर सस्टेनेबिलिटी समेत 5 कोर्स को बास्केट में शामिल किया गया है।

### कॉमर्स के स्टूडेंट्स को 31 विषयों का मिला विकल्प

कॉमर्स के स्टूडेंट्स को मल्टी डिसिप्लिनरी में सर्वाधिक 31 विषयों का विकल्प मिलेगा। इसमें साइंस, सोशल साइंस, ह्यूमिनिटीज के विषयों को भी पढ़ने का मौका मिलेगा. स्किल इनहांसमेंट कोर्स में कॉमर्स के स्टूडेंट्स को सस्टेनेबल इको टूरिज्म एंड इंटरप्रन्योरशिप की पढ़ाई कराई जाएगी। इसके साथ ही विजुअल कम्युनिकेशन एंड फोटोग्राफी समेत 6 कोर्स को इसमें शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय ने सीबीसीएस के अनुसार फोर्थ सेमेस्टर का भी सिलेबस तैयार कर लिया है। इसमें भी विभिन्न कोर्स में बास्केट में विषयों का विकल्प तैयार कर लिया गया है।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 06.09.2024, PAGE-06

# अतिथि शिक्षकों ने वीसी को सौंपा सम्मान पत्र

मुजफ्फरपुर। शिक्षक दिवस पर बिहार विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ ने कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय को सम्मान पत्र सौंपा। संघ ने बताया कि विगत पांच महीने के कार्यकाल में विश्वविद्यालय का सर्वांगीण विकास दिखने लगा है। नैक में ए प्लस ग्रेड दिलाने की प्रतिबद्धता से विश्वविद्यालय में जो स्वस्थ एकेडमिक माहौल बना है, उसके लिए संघ ने कुलपति के प्रति अपना आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है और सम्मान पत्र सौंपा है। कुलपति ने अतिथि प्राध्यापक संघ के कार्यों की प्रशंसा की। स्वस्थ और सुंदर एकेडमिक माहौल बनाने की दिशा में सहयोग करने की अपील भी की।

संघ ने भरोसा दिलाया कि गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अनवरत निभाते रहेंगे। मौके पर संघ के डॉ. ललित किशोर, डॉ. राघव कुमार, डॉ. नितेश कुमार, डॉ. सर्वेश्वर कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. परमानंद शर्मा, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. रामकृष्ण कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. राकेश कुशवाहा, बिट्टू शाह, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. दीपक साह आदि उपस्थित थे।

## Hindustan, Muzaffarpur Date : 06.09.2024, Page-07



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय।

# शिक्षक दिवस पर विवि के 21 प्राध्यापक सम्मानित

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। शिक्षक दिवस पर बीआरएबीयू के 21 प्राध्यापकों को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने सीनेट हॉल में सम्मानित किया। यह सम्मान शिक्षकों के शोध पत्रिका में छपे आलेखों के आधार पर किया गया। इस कार्यक्रम में आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य प्रो. ममता रानी ने महिला शिक्षकों के लिए तीज पर छुट्टी की मांग की, जिसपर कुलपति ने औपबंधिक छुट्टी की घोषणा की।

कुलपति ने इस अवसर पर 298 सहायक प्राध्यापकों की पदोन्नति एकेडमिक लेवेल-10 से 11 में करने की घोषणा की। मनोविज्ञान विषय में एक प्राध्यापक को एकेडमिक लेवल-11 से 12 में पदोन्नति की भी घोषणा उन्होंने की। कुलपति ने 70 सहायक प्राध्यापकों की सेवा सम्पुष्टि भी की। साथ ही, कुलपति ने एक गूगल फार्म भी जारी किया, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों से संबंधित संपूर्ण विवरण प्राप्त कर सकेगा।

### हिन्दी विभाग में मना शिक्षक दिवस

मुजफ्फरपुर। विवि के हिन्दी विभाग के सरस्वती सभागार में स्नातकोत्तर सत्र तृतीय एवं चतुर्थ के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस मनाया। अध्यक्षता विभाग की अध्यक्ष प्रो. सुधा कुमारी ने की। मौके पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार राय, आई.क्यू.ए.सी. के निदेशक प्रो. कल्याण कुमार झा एवं विभाग के प्रो. प्रमोद कुमार आदि थे।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 06.09.2024, PAGE-04

# वीसी ने 299 शिक्षकों को दिया प्रोन्नति का तोहफा

70 सहायक प्राध्यापकों की सेवा संपुष्टि की घोषणा, सर्वश्रेष्ठ शोधार्थी को सम्मानित करने की घोषणा



# बीआरएबीयू ने जारी किया स्नातक थर्ड सेमेस्टर का सिलेबस

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 06.09.2024, PAGE-04

# बीएड व डिग्री कॉलेज के शिक्षकों की योग्यता का होगा सत्यापन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने बीएड कॉलेजों और संबद्ध डिग्री कॉलेजों में नियुक्त शिक्षकों की योग्यता का सत्यापन और सर्विस रिकॉर्ड तैयार करने को लेकर पहल की है. विवि की ओर से ऑनलाइन मोड में डाटा संग्रहण के लिए गूगल फॉर्म जारी किया गया है. विश्वविद्यालय में वरीयता निर्धारित करने और कोर्ट केस के विवाद को कम करने में यह प्रयोग कारगर साबित होगा. यह प्लेटफॉर्म ग्रीवांस रिड्रेसल एंड फैसिलेटेशन फॉर इनोवेशन सेल का अभिन्न अंग होगा. गूगल फॉर्म को तीन प्रकार से जारी किया गया है. पहला बीएड कॉलेजों के शिक्षकों का डाटा संग्रहन के लिए, दूसरा बीआरए बिहार विवि के विभिन्न संबद्ध डिग्री कॉलेजों और तीसरा अंगीभूत कॉलेजों के ग्रुप-3 और ग्रुप-4 के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों, संविदा कर्मियों के नियत भुगतान आधारित कर्मियों की योग्यता और सेवा सत्यापन किया जाएगा. सभी डाटा कॉलेज निरीक्षक कला और वाणिज्य प्रो.राजीव कुमार के आधिकारिक ईमेल पर प्राप्त होगा. यह विवि को पेपरलेस बनाने की दिशा में भी अहम प्रयास है.

## अतिथि शिक्षकों ने वीसी को सौंपा सम्मान पत्र

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू अतिथि प्राध्यापक संघ ने कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय को सम्मान पत्र सौंपा. कहा गया कि पांच महीने में विश्वविद्यालय का सर्वांगीण विकास दिखने लगा है. नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड दिलाने की प्रतिबद्धता से विश्वविद्यालय में स्वस्थ व एकेडमिक माहौल बना है. मौके पर संघ के डॉ ललित किशोर, डॉ राघव, डॉ नितेश कुमार, डॉ रंजीत, डॉ सर्वेश्वर सिंह समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे.